# बालाजी कब होगा तेरा दीदार | By Rajan Mor |

दिल की ये तमन्ना
करो पूरी सरकार
बेचैन ही बालाजी
कब होगा तेरा दीदार

ज़िद्द कर बैठा हूँ बालाजी
मैं तुझको ही पाने की
इससे बड़ी न आरज़ू
कोई तेरे दीवाने की
ना चाहिए धन और दौलत
ना चाहिए मोतियों का हार
बेचैन ही बालाजी
कब होगा तेरा दीदार

तेरी बंदगी से मिला
मुझे रहमतों का ख़ज़ाना
जी नहीं पाऊँगा बिन तेरे
कभी मुझसे ना दूर जाना
संग तेरे जीत रहा हूँ
तेरे बिन जाऊँगा हार
बेचैन ही बालाजी
कब होगा तेरा दीदार

तड़पाओगे जो इस क़दर
टूट जाऊँगा मैं
विलंब करोगे तो बालाजी
रूठ जाऊँगा मैं
अरज़ी करो ये पूरी
ओ मेहंदीपुर सरकार
बेचैन ही बालाजी
कब होगा तेरा दीदार

दिल की ये तमन्ना
करो पूरी सरकार
बेचैन ही बालाजी
कब होगा तेरा दीदार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%ac-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-r/